अति आवश्यक

राजस्थान सरकार

निदेशालय, संस्कृत शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : निसंशि/लेखा-6/पर.छात्रवृत्ति/2021-22/826-1125 दिनांक : 11/1/2022

प्राचार्य

राजकीय आचार्य/शास्त्री/वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत

महाविद्यालय/विद्यालय.....................................

....

विषय :- परम्परागत छात्रवृत्ति नवीन और नवीनीकरण वर्ष 2021-22 की स्वीकृति जारी करने बाबत।

उपरोक्त विषय में लेख है कि आपके द्वारा भिजवाये गये परम्परागत छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों की नियमानुसार राज्य सरकार से स्वीकृत निर्धारित मानदण्डो के अनुसार जांच कर पात्र छात्रों की छात्रवृत्ति अन्तरिम सूची संलग्न कर भिजवाई गई थी। इस सूची में छात्र/छात्रों के नाम/पिता का नाम, बैंक का नाम, शाखा का स्थान, आईएफसी कोड तथा बैंक खाता नम्बर/मोबाइल नम्बर/ भामाशाह नम्बर/ जनआधार नम्बर शामिल है। **संलग्न सूची में हाईलाइटेड् कॉलम की पूर्ति करें।** बैंक खाता चालू अवस्था में होना चाहिये। कतिपय देखा गया है कि कुछ छात्रों का बैंक खाता चालू नहीं पाया जाता है, जिसके अभाव में कोष कार्यालय को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है तथा छात्रवृत्ति की राशि संबंधित के खाते में समयानुसार जमा नहीं हो पाती है। अतः छात्रों के खातों को अपडेट करवाकर पूर्ण सही जानकारी कार्यालय में उपलब्ध करावें।

यह सुनिश्चित करावें कि जिन छात्र-छात्रा को यह छात्रवृत्ति स्वीकृत की जा रही है उन्हें किसी अन्य स्त्रोत या सरकार की अन्य योजना के अन्तर्गत छात्रवृत्ति नहीं दी जा रही है साथ ही महाविद्यालय/विद्यालय में नियमित रूप से अध्ययनरत हैं। संस्था छोड़कर नहीं गये है, यदि कोई विसंगति हो तो उल्लेख कर सूचित करे। जिससे वांछित संशोधन किया जाकर बिल कोष कार्यालय को पारित करने हेतु भिजवाई जा सके और निम्न प्रमाण-पत्र की पूर्ति कर पत्र प्राप्ति से 5 दिवस में यह सूचना संशोधित कर निर्धारित प्रमाण पत्र के साथ में ई-मेल **director.sanskrit@gmail.com** से भिजवाने की व्यवस्था करें। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें। विलम्ब के लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि छात्रवृत्ति सूची के अनुसार सभी छात्र/छात्राओं का नाम और बैंक विवरण/मोबाइल नम्बर संबंधी जांच कर ली गई है और अन्य स्त्रोत से छात्रवृत्ति नहीं दी जा रही है, तथा संस्था में नियमित अध्ययनरत है। छात्रवृत्ति स्वीकृत कर बैंक खातों में जमा कराये जाने की अभिशंषा की जाती है।

हस्ताक्षर संस्था प्रधान

संलग्नः- छात्रवृत्ति नवीन/नवीनीकरण सूची।

(लीलाराम मीणा)
वित्तीय सलाहकार
संस्कृत शिक्षा राजस्थान
जयपुर